# जैतपुर एक्सप्रेस-वे सेंटर...दौड़ेगा गोरक्षनगरी में विकास का पहिया

## दो एक्सप्रेस-वे और एक लिंक एक्सप्रेस-वे जैतपुर में ही जुड़ेंगे फोरलेन से, होगा औद्योगिक विकास

संवाद न्यूज एजेंसी



लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। फाइल फोटो

गोरखपुर। गीडा इलाके में पेप्सिको की कंपनी जिस जगह लगी है, उसके नजदीक ही मुजफ्फरपुर-गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन के साथ तीन एक्सप्रेस-वे भी जुड़ेंगे। इसमें लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है, जबकि गोरखपुर-सिलीगुड़ी और गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के एलाइनमेंट को मंजूरी के लिए भेजा गया है। इन एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने पर जैतपुर एक्सप्रेस-वे का सेंटर पॉइंट बन जाएगा। इससे जैतपुर के विकास का हब बनने का रास्ता खुल जाएगा।

मुजफ्फरपुर-गोरखपुर-लखनऊ नेशनल हाईवे के किनारे स्थित जैतपुर पांच साल पहले शहर से नजदीक होने के बावजूद उपेक्षित पड़ा था। हाईवे के किनारे का यह इलाका विकास नहीं कर पा रहा था। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण के साथ ही इस जगह की उपयोगिता बढ़ गई।

बाद में सरकार ने लिंक एक्सप्रेस-वे के दोनों किनारों को इंडस्ट्रियल कॉरिडोर घोषित किया तो फोरलेन हाईवे के जंक्शन पॉइंट के बगल में ही गीडा प्रशासन ने वरुण बेवरेज को प्लॉट अलॉट कर दिया। वरुण बेवरेज के इस प्लांट में ही कोल्ड ड्रिंक्स पेप्सिको का उत्पादन होता है।

**बदल रहा है**
**गोरखपुर**

फिलहाल, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का कार्य अंतिम चरण में है। वहीं गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे के लिए तीन एलाइनमेंट का प्रस्ताव भेजा गया है। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के लिए भी सर्वे शुरू हो चुका है। भारत माला परियोजना के तहत बनने वाले दोनों एक्सप्रेस-वे लिंक एक्सप्रेस-वे से जैतपुर में ही जुड़ेंगे।



गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे : अब नए सिरे से एलाइनमेंट सर्वे शुरू

14 फरवरी को प्रकाशित खबर।

गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे का एलाइनमेंट बनाकर भेजा गया है। बिहार में एक्सप्रेस-वे का एलाइनमेंट तय हो चुका है। यूपी में भी जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। वहीं, गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के लिए अभी सर्वे का कार्य चल रहा है। इन दोनों एक्सप्रेस-वे के बन जाने से उत्तर भारत से पूर्वोत्तर भारत के बीच सीधा आवागमन हो जाएगा। इससे विकास को भी गति मिलेगी। -**ललित प्रताप पाल**, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

**सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे का 113 किमी हिस्सा होगा यूपी में :** जैतपुर से प्रस्तावित सिक्सलेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे गोरखपुर-सिलीगुड़ी की प्रस्तावित दूरी 568 किमी है। इसमें से बिहार में 455 किमी का एलाइनमेंट बन चुका है। बिहार से गोरखपुर के बीच 113 किमी के लिए एक एलाइनमेंट गोरखपुर के जैतपुर से देवरिया-कुशीनगर के बॉर्डर होते हुए गोपालगंज तक भेजा गया है।

यह दूरी 84 किमी होगी। दूसरा एलाइनमेंट गोरखपुर से चौरीचौरा, हाटा, तमकुहीराज होते हुए जवही दयाल गांव के पास बिहार बार्डर तक का है, जिसकी दूरी 113 किमी होगी।

### शहर के सात वार्डों में बेहतर होगी जलापूर्ति

गोरखपुर। शहर के सात वार्डों में जलापूर्ति बेहतर होगी। नगर निगम का जलकल विभाग 2,265 मीटर लंबाई में पाइपलाइन विस्तार और मरम्मत कार्य कराएगा। इसके लिए ऑफलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। चंद्रशेखर आजाद चौक वार्ड नंबर 70 में 140 मीटर पीवीसी पाइपलाइन 1,85,086 रुपये खर्च कर बदली जाएगी। वार्ड नंबर 20 लच्छीपुर में 2,05,076 रुपये में 140 मीटर, वार्ड नंबर 14 डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर में 3,22,337 रुपये से 100 मीटर पाइपलाइन का विस्तार होगा। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 15 हनुमंतनगर में 215 मीटर में 4,15,902 रुपये और डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर तुरहाबारी विभिन्न गलियों में 7,37,866 रुपये की लागत से 520 मीटर पाइपलाइन विस्तार का काम होगा। वार्ड नंबर 46 शक्तिनगर में 390 मीटर पाइपलाइन विस्तार 8,38,889 रुपये और वार्ड नंबर 56 रघुपति सहाय फिराकनगर में 9,49,295 रुपये से 760 मीटर पाइपलाइन विस्तार किया जाएगा। वार्ड नंबर 43 शाहपुर में 65 मीटर एनपी-3 सीवरलाइन विस्तार होगा, जिस पर 2,28,134 रुपये खर्च होंगे। जलकल महाप्रबंधक रघुवेंद्र कुमार ने कहा कि इच्छुक ठेकेदार 11 जून दोपहर 12 बजे तक निविदा जमा कर सकते हैं। ब्यूरो

### *तय समय में पूरा कराएं गोरखनाथ, खजांची, नकहां ओवरब्रिज*

*गोरखपुर। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने राज्य सेतु निगम के प्रबंध निदेशक धर्मवीर सिंह के साथ बृहस्पतिवार की रात निर्माणाधीन गोरखनाथ, खजांची और नकहां ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। अफसरों ने तीनों ओवरब्रिज का निर्माण तय समय के अंदर कराने का निर्देश दिया। प्रमुख सचिव ने गोरखनाथ मंदिर के निकट बन रहे ओवरब्रिज के निरीक्षण के दौरान कहा कि रेलवे से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य तेजी से पूरा कराया जाए। संवाद*